पीएम इंदिरा प्रतिष्ठान में कल करेंगे 'न्यू अर्बन इंडिया' थीम पर कार्यक्रम का शुभारंभ

मोदी यूपी वालों को 4737 करोड़ की परियोजनाओं का तोहफा देंगे

कल आएंगे प्रधानमंत्री

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार और नगर विकास विभाग यूपी के संयुक्त तत्वाधान में 5 से 7 अक्तूबर तक 'न्यू अरबन इंडिया' थीम पर आयोजित तीन आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर यह कार्यक्रम हो रहा है। प्रधानमंत्री 5 अक्तूबर को यूपी वालों को 4737 करोड़ रुपये की 75 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कर सौगात देंगे।

टंडन ने बताया कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 75 जिलों के 75000 लाथार्थियों को डिजिटल माध्यम से चाभी देकर पांच लाभार्थियों से बातचीत भी करेंगे। कार्यक्रम में अयोध्या मॉडल को पेश किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भारी उद्योग,सार्वजनिक उद्यम मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, हरदीप सिंह पुरी, कौशल किशोर के साथ केंद्र के अधिकारी होंगे।

नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने रविवार को पीएम के कार्यक्रम की जानकारी दी।

उद्घाटन सत्र

पांच अक्तूबर

- सत्र एक: निम्न-मध्यम आय वाले घरों के लिए नवीन निर्माण सामग्री, निर्माण प्रौद्योगिकियों का उपयोग, अवलोकन, संसाधन, अवसर, बधाएं और चुनौतियां
- सत्र दो: स्वदेशी, नवीन तकनीकों का उपयोग कर प्रचार-प्रसार, प्रदर्शन और निर्माण के लिए रणनीति, कार्रवाई योग्य बिंदुओं पर चर्चा
- सत्र तीन: आवास सुधार, शहरी परिदृश्य परिवर्तन सक्षम करना
- सत्र चार: यूपी में पीएमवाई रणनीतियां, विशिष्ट केस स्टडीज, उपलब्धियां

दो घंटे में 75 योजनाओं की मिलेगी सौगात

नगर विकास मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री 5 अक्तूबर को सुबह 10.30 बजे पहुंचेंगे,12.30 तक रहेंगे। एयरपोर्ट से कालीदास मार्ग तक चार्टर्ड प्लेन से आएंगे और कार से इंदिरा प्रतिष्ठान पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री 10 स्मार्ट सिटी की 75 सफल परियोजनाओं की कॉफी टेबल बुक का विमोचन करेंगे। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 1537.02 करोड़ की 15 परियोजनाओं का लोकार्पण, 1256.22 करोड़ की 30 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। अमृत में 502.24 करोड़ की 17 पेयजल परियोजनाओं का लोकार्पण,1441.70 करोड़ की 13 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। 75 ई-बसों के संचालन को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ अपर मुख्य सचिव नगर विकास डा. रजनीश दुबे ने भी जरूरी जानकारियां दीं।

राजनाथ आज आएंगे

लखनऊ। लखनऊ सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार शाम राजधानी आएंगे। लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह चार अक्तूबर की शाम 05:00 बजे लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट पहुंचेंगे। सुबह 9:45 बजे वह इंदिरा प्रतिष्ठान पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन पर स्वागत करेंगे। वे यहां सुबह 10:30 बजे से 12:00 बजे तक आजादी का अमृत महोत्सव में सम्मिलित होंगे।

कंट्रोल रूम बनाए गए

कार्यक्रम के चलते इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के प्रशासनिक भवन में सभी विभागों के कंट्रोल नंबर स्थापित कर दिए गए हैं। पुलिस, नगर विकास विभाग, नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन सहित अन्य कई विभागों के कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेंगे। नगर निगम ने एयरपोर्ट और चारबाग रेलवे स्टेशन पर हेल्पडेस्क बनाई है। यहां आने वाले मेहमानों को सभी जानकारियां मिलेंगी। नगर निगम कर्मचारी संबंधित व्यक्ति को होटल और उनके रुकने वाले स्थान तक पहुंचाएंगे। नगर निगम ने 600 मेहमानों के रुकने और उनके लिए वाहनों का इंतजाम किया है।